प्रोजेक्ट निर्माण के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को भी दे रही प्रमुखता

स्वास्थ्य सेवाओं में गैमन कंपनी ने बनाई पहचान

बिहाली स्थित कंपनी के अस्पताल में दर्जनों मरीज करवा रहे अपना इलाज

कंपनी के कर्मचारी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति कर रहे जागरूक

प्रतिनिधि

सैंज, 27 मार्च। पार्वती परियोजना में मुख्य निर्माता कंपनी गैमन इंडिया ने हाईड्रो प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के साथ-साथ सैंज घाटी के लोगों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में भी विशेष पहचान बनाई है। गैमन कंपनी की बिहाली स्थित डिस्पेंसरी में रोजाना मरीजों की भीड़ जमा रहती है तथा महीने में 300 से 330 तक मरीज अपना इलाज करवाते हैं। औषधालय में तैनात चिकित्सक विशेषज्ञ डा. गोहर हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी की इस डिस्पेंसरी में केवल कार्यरत कर्मचारी ही नहीं, बल्कि घाटी 15 पंचायतों के अलावा मंडी जिला के लोग भी अपना इलाज करवाने आते हैं तथा रोजाना 30 से 40 लोग अपना पंजीकरण करवाते हैं। उन्होंने बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को मनवांछित सुविधा मिल रही है। जिस कारण लोग गैमन कंपनी के औषधालय में भरपूर लाभ उठा रहे हैं। प्रेस क्लब के सदस्यों ने जब कंपनी की डिस्पेंसरी का जायजा लिया तो देखा कि गैमन कंपनी स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। कंपनी के महाप्रबंधक वीएम जोगलेकर के अथक प्रयासों से गैमन की डिस्पेंसरी जनसेवा का केंद्र बनी है। 24 घंटे आपातकालीन सेवा के अलावा औषधालय में विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का जिम्मा उठाए हुए हैं तथा कंपनी में कार्यरत हजारों कर्मचारियों के साथ 15 पंचायतों के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। औषधालय में डाक्टर के अलावा फार्मासिस्ट एवं सफाई कर्मचारी तैनात हैं तथा संक्रमण रोगों से बचाव के लिए टीके एवं दवाइयां निःशुल्क प्रदान की जा रही है। कंपनी में तैनात सुरक्षा अधिकारी संजय देशमुख ने बताया कि यहां एंबुलेंस 24 घंटे तैनात है तथा घाटी के लोगों व गैमन कंपनी के कर्मचारियों को निःशुल्क सुविधा प्रदान कर रही है। परियोजना क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों का समय-समय पर मेडिकल चेकअप किया जाता है, ताकि मजदूर वर्ग चुस्त-दुरुस्त रहे। उधर सैंज घाटी के तमाम जनवादी संगठनों, पंचायत प्रधानों, मजदूर संघ के प्रधान सेवती राम ने गैमन कंपनी की तारीफ करते हुए कहा कि कंपनी ने मरीज की शारीरिक हालत, इलाज का खर्च और निःशुल्क दवाइयां प्रदान करने का जो बीड़ा उठाया है वह स्वागत योग्य है तथा भविष्य में भी सामाजिक कार्यों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गैमन इंडिया आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ करने को पहल करें।

स्वास्थ्य ही मनुष्य की प्रगति, शक्ति और उन्नति का स्रोत है। स्वास्थ्य के सुरक्षा चक्र को और मजबूत रखने की दिशा में गैमन कंपनी सदैव तत्पर है। परियोजना क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना हमारा उद्देश्य है तथा घाटी में अपनी छाप छोड़ने में कंपनी कोई कसर नहीं छोड़ेगी

वीएम जोगलेकर, महाप्रबंधक, गैमन इंडिया